II gr 2011

| |
|---|
| विषय : सामान्य ज्ञान एवं सामान्य विज्ञान |
| प्रश्न पुस्तिका |
| विषय कोड : **06** |
| पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : 32 |
| पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : 100 |
| समय / Time : 10.00 a.m. to 12.00 noon |

661347

बुकलेट सीरीज

# B

| | |
|---|---|
| 2.00 घंटे / 2.00 Hours | पूर्णांक / Maximum Marks : 200 |

## INSTRUCTIONS / निर्देश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।
3. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर दीजिए।
4. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा ।
5. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमशः 1, 2, 3, 4 अंकित किया गया हैं। अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर–पत्रक पर नीले बॉल प्वाइंट पेन से गहरा करना है ।
6. प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा । गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है । किसी भी प्रश्न से संबंधित सभी गोले या बबल को खाली छोड़ने पर गलत उत्तर नहीं माना जायेगा ।
7. प्रश्न–पत्र पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक के लिफाफे की सील खोलने पर परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उसके प्रश्न–पत्र पुस्तिका पर वही सीरीज अंकित है जो उत्तर–पत्रक पर अंकित है। इसमें कोई भिन्नता हो तो वीक्षक से प्रश्न–पत्र की ही सीरीज वाला दूसरा प्रश्न–पत्र का लिफाफा प्राप्त कर लें। ऐसा न करने पर जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी ।
8. उत्तर पत्रक पर प्रश्न–पत्र का ही कोड अंकित किया गया है। किसी भी स्थिति में बाद में कोई परिवर्तन नहीं करें, अन्यथा अभ्यर्थी द्वारा किये गये परिवर्तन की जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी । यदि विशेष परिस्थिति में प्रश्न–पत्र से भिन्न सीरीज का उत्तर–पत्रक प्राप्त हो गया है और उस सीरीज का दूसरा उत्तर–पत्रक उपलब्ध नहीं है, तो वीक्षक से उत्तर–पत्रक के पृष्ठ भाग पर इसका अंकन कर हस्ताक्षर अवश्य करवा लें, अन्यथा उसे रद्द भी किया जा सकता हैं।
9. मोबाईल फोन अथवा इलेक्ट्रोनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित हैं। यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

**चेतावनी :** अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई जायेगी और आर. पी. ई. (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 1992 के नियम 3 के तहत कार्यवाही की जायेगी। साथ ही आयोग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से वर्जित कर सकता है।



adda247

BLANK PAGE

1 राजस्थान में स्वतन्त्रता संघर्ष के दौरान 1921-22 में भील आन्दोलन का नेतृत्व किया था

(1) मोतीलाल तेजावत

(2) जमनालाल बजाज

(3) शोभाराम

(4) विजयसिंह 'पथिक'

2 बिजोलिया किसान आन्दोलन (1913) का नेतृत्व किसने किया था?

(1) साधु सीताराम दास

(2) भोगीलाल पांड्या

(3) हीरालाल शास्त्री

(4) जयनारायण व्यास

adda247

3 'कुमारपाल' प्रबन्ध में उल्लेख है कि चितौड़ के किले का निर्माण एक मौर्य राजा ने करवाया था, उस राजा का नाम था

(1) चित्रांगद

(2) चित्रांग

(3) चित्रगुप्त

(4) दशरथ

4 कान्हड़देव था

(1) नागौर का शासक

(2) जालौर का शासक

(3) एक कवि

(4) चौहानों का एक सामन्त

5 कुम्भा के विषय में निम्न में से कौन–सा कथन असत्य है?

(1) वह स्वयं विद्वान नहीं था पर विद्वानों को आश्रय देता था।

(2) वह कुम्भल दुर्ग का निर्माता था।

(3) वह संगीत प्रेमी था।

(4) वह मेवाड़ के महान् शासकों में से एक था।

adda247

6 राजस्थान सेवा संघ ने राजनीतिक जागरण फैलाने हेतु अजमेर से जिस साप्ताहिक पत्र का प्रकाशन प्रारम्भ किया, वह था

(1) राजस्थान केसरी

(2) त्यागभूमि

(3) नवीन राजस्थान

(4) यंग राजस्थान



Contd......

7 राजस्थान मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष है

(1) न्यायाधीश राजेश बालिया

(2) न्यायाधीश दिलीपसिंह

(3) आर. एन. माथुर

(4) गिरिजा व्यास

8 राजस्थान के मुख्य सूचना आयुक्त है

(1) टी. एन. शेषन

(2) एम. डी. कोटानी

(3) टी. श्रीनिवासन

(4) मीनाक्षी हूजा

9 राजस्थान में पंचायतीराज व्यवस्था लागू हुई

(1) 1967 में

(2) 1959 में

(3) 1971 में

(4) 1963 में

10 भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत पंचायतीराज संस्थाओं को संवैधानिक मान्यता प्रदान की गई ?

(1) 256

(2) 368

(3) 154

(4) 243-B



adda247

11 राजस्थान में लोकायुक्त है

(1) न्यायाधीश जी. एल. गुप्ता

(2) न्यायाधीश अजय रस्तोगी

(3) दीपक रस्तोगी

(4) मधुकर गुप्ता

12 लोकसभा में राजस्थान से कितनी सीटें हैं?

(1) 20

(2) 27

(3) 25

(4) 29

13 राजस्थान का कौन–सा शहर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र का भाग है?

(1) जोधपुर

(2) पिलानी

(3) करौली

(4) अलवर

14 राजस्थान में ताराभांत की ओढनी किस वर्ग की महिलाओं में प्रचलित है?

(1) आदिवासी

(2) दलित

(3) राजपूत

(4) जाट



adda247

15 भारत–अमरीकी सिविल न्यूक्लियर विधेयक भारतीय संसद द्वारा पारित हुआ

(1) 2007 में

(2) 2008 में

(3) 2010 में

(4) 2009 में

16 भारतीय विदेश नीति निर्माण में जवाहरलाल नेहरू का महत्वपूर्ण योगदान था

(1) शीतयुद्ध समाप्ति हेतु प्रयास

(2) महाशक्तियों में मित्रता का प्रयास

(3) असंलग्नता अथवा गुट निरपेक्ष विदेश नीति का अवलम्बन करना

(4) श्रीलंका की समस्याओं के समाधान का प्रयास

17 किस भारतीय अधिनियम के अन्तर्गत भारत में द्वैत शासन की स्थापना की गई थी ?

(1) भारतीय अधिनियम, 1919

(2) भारतीय अधिनियम, 1861

(3) भारतीय अधिनियम, 1858

(4) भारतीय अधिनियम, 1870

18 'भारतीय अधिनियम, 1935 दासता का बन्धनपत्र था।' किसने कहा ?

(1) राजगोपालाचारी

(2) मोहम्मद अली जिन्ना

(3) जवाहरलाल नेहरू

(4) सरदार वल्लभभाई पटेल

19 महात्मा गाँधी द्वारा 'भारत छोड़ो' आन्दोलन कब आरंभ किया गया?

(1) 1930

(2) 1942

(3) 1940

(4) 1939

20 भारतीय संविधान प्रारूप समिति के अध्यक्ष थे

(1) डॉ. भीमराव अम्बेडकर

(2) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

(3) आचार्य कृपलानी

(4) आचार्य नरेन्द्र देव

adda247

21 भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत 'छुआ-छूत' अपराध घोषित किया गया है?

(1) 17

(2) 19

(3) 22

(4) 32

22 भारतीय संविधान की उद्देशिका में संशोधन किया गया

(1) 40वें संशोधन द्वारा

(2) 44वें संशोधन द्वारा

(3) 42वें संशोधन द्वारा

(4) 36वें संशोधन द्वारा

23 संवैधानिक उपचारों का मौलिक अधिकार किस अनुच्छेद में प्रदान किया गया है ?

(1) 14

(2) 18

(3) 21

(4) 32

24 संविधान में मौलिक कर्तव्य किस अनुच्छेद में दिये गये हैं?

(1) 48

(2) 50

(3) 47

(4) 51-A

25 भारत के राष्ट्रपति की चुनाव पद्धति क्या है?

(1) एक व्यक्ति एक मत

(2) जनता द्वारा प्रत्यक्ष निर्वाचन

(3) लिस्ट सिस्टम

(4) अनुपातिक प्रतिनिधित्व पद्धति के अनुसार एकल संक्रमणीय मत द्वारा

26 संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत राष्ट्रपति पर महाभियोग चलाया जा सकता है?

(1) 61

(2) 51

(3) 54

(4) 70

27 संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू होता है?

(1) 360

(2) 362

(3) 356

(4) 256

28 भारतीय संविधान में जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा दिया गया है

(1) अनुच्छेद 252

(2) अनुच्छेद 370

(3) अनुच्छेद 346

(4) अनुच्छेद 348

29 भारतीय संविधान में नीति निर्देशक तत्व कहाँ से लिये गये हैं?

(1) आयरलैंड के संविधान से

(2) अमरीकी संविधान से

(3) कनाडा के संविधान से

(4) फ्रान्स के संविधान से

adda247

30 भारतीय संविधान में किस अनुच्छेद के अन्तर्गत संशोधन किया जा सकता है?

(1) 368

(2) 258

(3) 360

(4) 361

31 31 अगस्त, 2011 को किन दो भारतीयों को मेग्सेस अवार्ड से सम्मानित किया गया?

(1) किरन मजूमदार व अरूणधिति राय

(2) चेतन भगत व कुलदीप नायर

(3) अरूणा राय व योगेन्द्रसिंह

(4) हरीश हांडे व नीलीमा मिश्रा

32 केन्द्रीय खेल मंत्री कौन है?

(1) कमलनाथ

(2) सी. पी. जोशी

(3) अजय माकन

(4) अम्बिका सोनी

33 सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार जयपुर को वर्ल्ड क्लास सिटी बनाने हेतु एम्पावर्ड कमेटी के सदस्य हैं

(1) घनश्याम तिवाड़ी

(2) शान्ति धारीवाल

(3) न्यायाधीश वी. एस. दवे व आई. एस. इसरानी

(4) कुलदीप रांका



adda247

34 विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप, 2011 की 20 किलोमीटर पैदल चाल स्पर्धा में तीसरी बार स्वर्णपदक जीता है

(1) ओल्गा कानिस्किना ने

(2) वेटा सोकोलोवा ने

(3) अनीसिया केर्डियाप्किना ने

(4) यूसेन बोल्ट ने

35 भारतीय जीवन बीमा निगम (एल. आई. सी.) दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है

(1) 20 सितम्बर को

(2) 01 सितम्बर को

(3) 24 अक्टूबर को

(4) 05 नवम्बर को

adda247

36 मानव अधिकार दिवस हर वर्ष मनाया जाता है

(1) 10 दिसम्बर को

(2) 25 नवम्बर को

(3) 02 अक्टूबर को

(4) 01 जनवरी को



39

40

GK-6

37 अमरीकी राष्ट्रपति का चुनाव प्रस्तावित है

(1) 2014 में

(2) 2013 में

(3) 2012 में

(4) 2015 में

38 सिटिजन चार्टर एक्ट, दिल्ली में प्रस्तावित है

(1) 30 नवम्बर, 2011 से

(2) 15 सितम्बर, 2011 से

(3) 30 सितम्बर, 2011 से

(4) 02 अक्टूबर, 2011 से

39 भारतीय टैंक-निरोधी मिसाइल को किस नाम से जाना जाता है?

(1) आकाश

(2) पृथ्वी

(3) अग्नि

(4) नाग

40 'मेटर्स ऑफ डिस्कशन' पुस्तक के लेखक कौन हैं?

(1) इन्द्रकुमार गुजराल

(2) डॉ. मनमोहन सिंह

(3) राहुल गांधी

(4) लालकृष्ण अड़वानी



adda247

41 2 जी स्केम की जांच हेतु संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष हैं?

(1) पी. सी. चाको

(2) प्रणव मुखर्जी

(3) जयराम रमेश

(4) सुषमा स्वराज

42 वर्तमान में शिक्षा मनोविज्ञान का अध्ययन विषय है

(1) चेतना (Consciousness)

(2) मस्तिष्क (Mind)

(3) मानव व्यवहार (Human Behaviour)

(4) आत्मा (Soul)

43 शिक्षा मनोविज्ञान की प्रकृति वैज्ञानिक है, क्योंकि –

(1) यह केवल विज्ञान का अध्ययन करता है।

(2) शिक्षा मनोविज्ञान में केवल सूचनाओं के आधार पर सिद्धान्तों का निर्माण किया जाता है।

(3) शैक्षिक वातावरण में अधिगमकर्ता के व्यवहार का वैज्ञानिक विधियों के माध्यम से अध्ययन किया जाता है।

(4) इसमें केवल विद्यार्थियों के व्यवहार का अध्ययन किया जाता है।

adda247

44 सुल्तान नामक चिम्पैन्जी पर परीक्षण करने वाले वैज्ञानिक हैं

(1) स्किनर (Skinner)

(2) कोहलर (Kohlar)

(3) वुडवर्थ (Woodworth)

(4) वाट्सन (Watson)

45 निम्नलिखित में से कौन–सा कथन सत्य है ?

(1) घोड़े को तालाब तक ले जाया जा सकता है और उसको पानी पीने के लिये बाध्य किया जा सकता है।

(2) घोड़े को न तो तालाब तक ले जाया जा सकता है और न ही पानी पीने के लिये बाध्य किया जा सकता है।

(3) घोड़े को तालाब पर ले जाकर उसको पानी पिलाने के लिये सब कुछ किया जा सकता है।

(4) घोड़े को तालाब तक ले जाया जा सकता है, लेकिन उसको पानी पीने के लिये बाध्य नहीं किया जा सकता।

adda247

46 एक शिक्षक होने के नाते आप सीखने के किस नियम को नहीं अपनायेंगे ?

(1) आंशिक क्रिया का नियम

(2) तत्परता का नियम

(3) अभ्यास का नियम

(4) प्रलोभन का नियम

47 समग्रता के सिद्धांत (Gestalt Theory) के प्रवर्तक हैं

(1) आर. एम. गैने (R. M. Gagne)

(2) वर्दीमर एवं अन्य (Wertheimer and others)

(3) बी. एस. ब्लूम (B. S. Bloom)

(4) बी. एफ. स्किनर (B. F. Skinner)

48 बालक अपने व्यवहार की सामाजिक स्वीकृति (Social acceptance) जिस अवस्था में चाहता है, वह अवस्था है –

(1) किशोरावस्था (Adolescence)

(2) बाल्यावस्था (Childhood)

(3) शैशवावस्था (Infancy)

(4) प्रौढ़ावस्था (Adulthood)

adda247

49 निम्नलिखित में से कौन सा मेल सही नहीं है ?

(1) अन्तर्मुखी (Introvert) – स्वयं अपने में रहना।

(2) प्रक्षेपण (Projection) – अपनी गलती दूसरों पर डालना।

(3) युक्तिकरण (Rationalization) – अपना गुस्सा दूसरों पर उतारना।

(4) प्रतिगमन (Regression) – पुरानी आदतों में लौटना

50 एकान्त में विश्वास रखनेवाला व्यक्ति कहलाता है –

(1) अन्तर्मुखी

(2) बहिर्मुखी

(3) उभयमुखी

(4) शून्यमुखी

51 टी. ए. टी (T. A. T.) परीक्षण में कार्ड की संख्या होती है

(1) 10

(2) 20

(3) 30

(4) 40

adda 247

52 बुद्धि के समूह–कारक (तत्व) (Multiple factor theory) सिद्धांत के प्रणेता (प्रवर्तक) हैं –

(1) थार्नडाइक (Thorndike)

(2) थर्स्टन (Thurston)

(3) स्पीयरमैन (Spearman)

(4) थामसन (Thomson)

53 सृजनशील बालकों (Creative children) का विशेष लक्षण है –

(1) समस्याओं के प्रति सजग नहीं होना।

(2) गतिशील चिन्तन का अभाव।

(3) प्रबल जिज्ञासा।

(4) समायोजन के प्रति जागरूक नहीं होना।

54 "प्रेरक (Motives) प्राणी में विद्यमान शारीरिक एवं मनोवैज्ञानिक दशाऐं हैं जो उसे निश्चित विधियों के अनुसार कार्य करने के लिये उत्तेजित करती हैं।" प्रेरक (Motives) की इस परिभाषा को देने वाले हैं –

(1) शेफर (Shaffer)

(2) गेट्स एवं अन्य (Gates and others)

(3) ब्लेयर एवं अन्य (Blair and others)

(4) मर्शल (Murcell)

adda247

55 मूल प्रवृत्ति (Instincts) का सिद्धान्त देने वाले हैं –

(1) मैक डुगल (Mc Dougale)

(2) थार्नडाइक (Thorndike)

(3) साइमण्ड्स (Symonds)

(4) एडलर (Adler)

56 अभिप्रेरणा (Motivation) पर किस कारक का प्रभाव नहीं पड़ता ?

(1) आवश्यकता

(2) भौतिक संरचना

(3) वातावरण

(4) जन्म-जात

57 व्यक्तिगत विभिन्नताओं को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों के शिक्षण के लिये प्रायोजना पद्धति (Project Method) के निर्माता थे –

(1) थार्नडाइक (Thorndike)

(2) किलपैट्रिक (Kilpatrick)

(3) पार्कहर्स्ट (Parkhurst)

(4) वाट्सन (Watson)

adda247

58 अंधे बालकों को शिक्षण देने की पद्धति है –

(1) पाठ्यक्रम सहगामी क्रियायें (Co-curricular activities)

(2) श्रव्य सामग्री (Audio-aids)

(3) ब्रेल लिपि (Braille Script)

(4) टंकण विधि (Typing)

59 बाल अपराध (Delinquency) का कारण है –

(1) माता–पिता में अनबन (कलह) रहना।

(2) परिवार के सदस्यों का सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार।

(3) परिवार में आपस की सहमति से कार्य होना।

(4) समृद्ध (Prosporous) परिवार।

60 "आत्म प्रत्यय से तात्पर्य व्यक्ति के अपने व्यवहार, योग्यताओं एवं विशेषताओं का मूल्य–आँकलन व अभिवृत्तियों की समग्रता से है।" आत्म–प्रत्यय (Self-concept) की यह परिभाषा देने वाले हैं –

(1) गेल (Gale)

(2) साइमण्ड्स (Symonds)

(3) एनसाइक्लोपीडिया आफ साइकोलोजी (Encyclopaedia of Psychology)

(4) गिब्स (Gibbs)

61 आदतों (Habits) के सम्बन्ध में निम्न में से कौन–सा कथन सही नहीं है?

(1) आदतें जन्मजात होती हैं।

(2) मूल–प्रवृत्तियों (Instincts) की तरह आदतें भी व्यक्ति को अभिप्रेरित करती हैं।

(3) आदत – निर्माण का आधार कोई मूल प्रवृत्ति होती है।

(4) व्यक्ति में यदि किसी बुरी आदत का निर्माण हो जाता है तो वह बुरी आदत आसानी (सरलता) से छूट जाती है।

adda247

62 राजस्थान का क्षेत्रफल (2001 में) भारत के क्षेत्र का प्रतिशत है

(1) 10.41%

(2) 20.5%

(3) 18.7%

(4) 12.5%

63 राजस्थान में (2011 में) महिला साक्षरता दर कितनी रही?

(1) 52.66%

(2) 33%

(3) 28%

(4) 40%

64 राजस्थान में 2011 जनगणना अनुसार लिंग अनुपात है (प्रति एक हज़ार पुरुषों के पीछे स्त्रियों की संख्या)

(1) 820

(2) 926

(3) 910

(4) 705

65 2011 की जनगणना के अनुसार जनसंख्या की दृष्टि से राजस्थान का स्थान है

(1) दसवां

(2) सातवां

(3) आठवां

(4) पाँचवां



adda247

66 कर्नल जेम्स टॉड़ ने निम्नलिखित में से किस युद्ध को 'मेवाड़ का मेराथन' कहकर पुकारा है ?

(1) हल्दीघाटी का युद्ध (Battle of Haldighati)

(2) दिवेर का युद्ध (Battle of Diver)

(3) खानवा का युद्ध (Battle of Khanwa)

(4) सारंगपुर का युद्ध (Battle of Sarangpur)

67 मरू विकास कार्यक्रम परियोजना

(1) केन्द्रीय सरकार की है

(2) राज्य सरकार की है

(3) गैर-सरकारी संगठनों की है

(4) सार्वजनिक-निजी भागीदारी की है

68 13वें वित्त आयोग के अध्यक्ष कौन थे ?

(1) सी. रंगराजन

(2) विजय केलकर

(3) ए. एम. खुसरो

(4) डी. आर. मेहता

adda247

69 निम्न में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?

(1) जैसलमेर राज्य प्रजामण्डल : मीठालाल व्यास

(2) डूंगरपुर राज्य प्रजामण्डल : भोगीलाल पण्ड्या

(3) बीकानेर राज्य प्रजापरिषद् : जयनारायण व्यास

(4) झालावाड़ राज्य प्रजामण्डल : कन्हैयालाल मित्तल

कहकर

70 'हरित राजस्थान' योजना आरंभ की गई थी

(1) 2007 में

(2) 2009-10 में

(3) 2004-05 में

(4) 2002-03 में

71 देश के 142 डेजर्ट ब्लाक में से राजस्थान में कितने डेजर्ट ब्लाक है?

(1) 90

(2) 40

(3) 100

(4) 85

72 राजस्थान में किस शहर में सीमेन्ट का सर्वाधिक उत्पादन होता है?

(1) चित्तोड़गढ

(2) जयपुर

(3) भरतपुर

(4) दौसा

73 प्राकृतिक गैस पर आधारित 'शक्ति परियोजना' स्थित है

(1) भिवाड़ी

(2) उदयपुर

(3) बीकानेर

(4) रामगढ़

adda247

74 राजस्थान के किस जिले में जरगा पर्वत है?

(1) सिरोही

(2) उदयपुर

(3) अलवर

(4) जयपुर

75 विश्व का सबसे ऊँचा जलप्रपात है

(1) मेनाल -- जलप्रपात

(2) एंजिल -- जलप्रपात

(3) जॉग -- जलप्रपात

(4) नियाग्रा -- जलप्रपात

76 निम्न में से राजस्थान क्रिकेट बोर्ड का अध्यक्ष कौन है?

(1) संजय दीक्षित

(2) ललित मोदी

(3) सी. पी. जोशी

(4) विनोद माथुर

adda247

77 राजस्थान में परमाणु केन्द्र कहाँ स्थित है?

(1) रावतभाटा

(2) सूरतगढ़

(3) उदयपुर

(4) भीलवाड़ा

78 भटनेर किला स्थित है

(1) हनुमानगढ़

(2) कोटा

(3) धोलपुर

(4) पाली

79 राजस्थान में प्रदूषण किसके द्वारा नियंत्रित किया जाता है?

(1) पंचायतों द्वारा

(2) नगरनिगम द्वारा

(3) नगरपालिका द्वारा

(4) राजस्थान प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड द्वारा

80 राजस्थान के किस जिले में पलाया झील है?

(1) कोटा

(2) जैसलमेर

(3) उदयपुर

(4) भरतपुर

81 किस देश में जनसंख्या की विकास दर एक प्रतिशत से भी कम है?

(1) चीन की

(2) जापान की

(3) इरान की

(4) टर्की की

82 शिक्षा प्राप्ति अधिकार कब से लागू हुआ ?

(1) अप्रैल, 2010

(2) जुलाई, 2010

(3) दिसम्बर, 2010

(4) जनवरी, 2011

83 2011वीं जनगणना है

(1) 15वीं राष्ट्रीय जनगणना

(2) 12वीं राष्ट्रीय जनगणना

(3) 16वीं राष्ट्रीय जनगणना

(4) 14वीं राष्ट्रीय जनगणना

84 जलवायु परिवर्तन पर कोपेन्हेगन सम्मेलन हुआ था

(1) 2006 में

(2) 2007 में

(3) 2009 में

(4) 2005 में

adda247

85 विश्व पर्यावरण दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है

(1) 25 दिसम्बर को

(2) 27 जनवरी को

(3) 5 जून को

(4) 14 अप्रैल को

86 राजस्थान की पहली जातीय जनगणना प्रस्तावित है

(1) 31 दिसम्बर, 2011 से

(2) 01 नवम्बर, 2011 से

(3) 15 अक्टूबर, 2011 से

(4) जनवरी, 2012 से

87 निम्नलिखित में से किस जनजाति में बालर लोकनृत्य (Balar folk dance) लोकप्रिय है?

(1) भील

(2) सहरिया

(3) गरासिया

(4) मीणा

88 माऊन्ट आबू (राजस्थान) में दिलवाड़ा मंदिर प्रसिद्ध है

(1) जैन मंदिर में कला हेतु

(2) बौद्ध स्थापत्य कला

(3) राजपूत कला

(4) मुस्लिम कला

89 'बनी–ठनी' पेंटिंग संबंधित है

(1) किशनगढ़ (अजमेर) शैली से

(2) अलवर शैली से

(3) जयपुर शैली से

(4) जोधपुर शैली से

90 'बेलि क्रिसण रूक्मणि' किस भाषा का ग्रंथ है ?

(1) पूर्वी मारवाड़ी

(2) उत्तरी मारवाड़ी

(3) दक्षिणी मारवाड़ी

(4) उत्तर–पूर्वी मारवाड़ी

91 हिन्दू पंचांग के अनुसार छोटी तीज का त्यौहार किस माह में मनाया जाता है ?

(1) श्रावण

(2) चैत्र

(3) बैसाख

(4) भाद्रपद

adda247

92 राजस्थान में सर्वाधिक महत्वपूर्ण लोकदेवता माने जाते हैं

(1) तेजाजी

(2) कबीर

(3) तुलसीदास

(4) सूरदास

93 महिलायें 'नथ' धारण करती हैं

(1) गले में

(2) अंगुली में

(3) अंगूठे में

(4) नाक में

94 चित्तोड़गढ़ स्थित विजय स्तम्भ (कीर्ति स्तम्भ) के निर्माता हैं

(1) राणा प्रताप

(2) राणा रतनसिंह

(3) राणा कुम्भा

(4) राणा अमरसिंह

95 निम्न में से किस क्षेत्र में सीताबाड़ी का मेला आयोजित किया जाता है ?

(1) हाड़ौती में

(2) मारवाड़ में

(3) बागड़ में

(4) मेवाड़ में

96 जयपुर में अधिकांश सांस्कृतिक गतिविधियाँ आयोजित होती हैं

(1) जवाहर कला केन्द्र

(2) सेन्ट्रल पार्क

(3) नाहरगढ़ किला

(4) सिटी पेलेस



Contd......

97 जोधपुर के निकट ओसियां में मंदिरों का निर्माण कराया गया

(1) राठौड़ों द्वारा

(2) प्रतिहारों द्वारा

(3) कच्छवाहों द्वारा

(4) चौहानों द्वारा

98 राणा सांगा व बाबर के मध्य खानवा का युद्ध हुआ था

(1) 1527 में

(2) 1528 में

(3) 1529 में

(4) 1530 में

99 महाराणा प्रताप का राज्याभिषेक हुआ था

(1) चित्तोड़गढ़ में

(2) निम्बाहेड़ा में

(3) गोगुन्दा में

(4) बड़ी सादड़ी में

100 राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष हैं

(1) लथा प्रियाकुमार

(2) मायावती

(3) कृष्णा तीरथ

(4) पी. एल. पूनिया



Contd......



adda247

SPACE FOR ROUGH WORK / कच्चे काम के लिये जगह

adda247



Contd......

adda247